## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 08.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों पर अमल के कारण देश में पिछले एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। आकाशवाणी समाचार, पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर प्रसारित कर रहा है। आज इस कड़ी में चर्चा सामाजिक परिवर्तन और समावेश की यात्रा में नारी–शक्ति की भूमिका पर क्योंकि महिलाओं को जीवन के हर क्षेत्र में सशक्त बनाया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

********************

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि क्षेत्र के विकास के लिए आसानी से उगाए जा सकने वाले फलों और फसलों की ओर ध्यान देना ज़रूरी है। आज बेंगलुरु में, उन्होंने **विकसित कृषि संकल्प अभियान** के एक कार्यक्रम में कहा कि ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए खाद ही पर्याप्त होती है। श्री चौहान ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट कैक्टस परिवार का है और इसकी उत्पादन लागत कम होती है।

********************

आकाशवाणी ने आज अपनी सेवा के 90 वर्ष पूरे कर लिए हैं। 8 जून 1936 को, आज ही के दिन भारतीय राजकीय प्रसारण सेवा का नाम बदलकर आकाशवाणी किया गया था। यह देश के सांस्कृतिक, सूचना और प्रसारण इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण था, जिसकी आवाज़ पीढ़ियों तक गूंजती रही है।

********************

झारखंड महिला पर्यवेक्षिका प्रतियोगिता 2023 की मेधा सूची के आधार पर अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच 11 जून से की जाएगी। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के नामकुम स्थित कार्यालय में सुबह 10 बजे से दिन के एक बजकर 30 मिनट के बीच प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी। अभ्यर्थियों को कहा गया है कि वे प्रमाण पत्रों के साथ एक घंटा पहले जांच स्थल पर पहुंचे।

********************

दुमका जिले में फूलो झानो आशीर्वाद योजना ने वैसी महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है, जो आजीविका के साधन नहीं होने के कारण हंडिया दारु बेचने के लिए मजबूर थी। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

********************

मौसम केन्द्र के अनुसार मानसून की उत्तरी सीमा अभी राज्य तक नहीं पहुंची है, लेकिन अगले कुछ दिनों में इसके आगे बढ़ने की संभावना है। आज राज्य के कई स्थानों पर आंशिक बादल छाए रहे और अधिकतम तापमान 39 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 11 जून से राज्य के विभिन्न हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई गई है।

***************